तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 12 फरवरी 2026

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 प्रबंधन और नराईबोध ग्रामीणों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता सफल




# बीट पुलिसिंग से जिले में अपराधियों पर कसा जा रहा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्र में एक बार फिर से बीट पुलिसिंग को प्रभावी ढंग से शुरू कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर सभी थानेदारों द्वारा बीट पुलिसिंग पर ही जोर दिया जा रहा है और सभी बीट प्रभारी अपने-अपने इलाकों में प्रभावी काम कर रहे हैं। इसके अलावा सभी बीट प्रभारी हर दूसरे दिन घर में जाकर उनके घरों में दस्तक देंगे साथ ही उनकी क्लास भी लेने लगे हैं। बिलासपुर रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग द्वारा विगत दिनों अपने पूर्व प्रवास के दौरान पुलिस अफसर को थानेदारों की क्लास ली गई थी और बीट पुलिसिंग के तहत काम करने के लिए पुलिस अधीक्षक को निर्देशित ही किया था जिसके तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा भी बीट पुलिसिंग को प्रभावी ढंग से जिले में संचालित करने की दिशा पर काम किया जा रहा है। सभी राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारी को अपने-अपने इलाकों में काम शुरू करने का फरमान जारी कर दिया गया है जिसके तहत अब थाना प्रभारी बीट का बंटवारा भी कर चुके हैं और बीट के तहत अधिकारी कर्मचारियों ने काम भी शुरू कर दिया है। खास तौर पर बीट पुलिसिंग के तहत सभी बीट प्रभारी व प्रधान आरक्षक, आरक्षक अपने अपने क्षेत्र में रहने वाले गुंडा, बदमाशों की क्लास भी लेने लगे हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस की टीम हर दूसरे दिन बदमाशों के घरों में दस्तक देगी और उनकी क्लास लेगी।

### आईजी के निर्देश पर बीट पुलिसिंग पर दिया जा रहा जोर

**खास बातें**

- गुंडा व बदमाशों के घरों में दस्तक दे रही पुलिस
- कांबिंग गश्त के माध्यम से रात को भी होरही है जांच



### बीट पुलिसिंग से मिल रहा है लाभ

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने जिले में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए बीट पुलिसिंग को जिलेभर में प्रभावी ढंग से लागू कर दिया है। निश्चित तौर पर बीट पुलिसिंग से अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है, क्योंकि पुलिस की उपस्थिति बढ़ जाती है और अपराधियों में भय उत्पन्न होता है। बीट पुलिसिंग से पुलिस और आम जनता के बीच दूरी कम होती है, जिससे लोगों को अपनी समस्याएं बताने में आसानी होती है। बीट पुलिसिंग से पुलिस को अपराध की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई करने में मदद मिलती है। बीट पुलिसिंग से सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा मिलता है, जिससे पुलिस और जनता के बीच सहयोग बढ़ता है।

## खबर संक्षेप

### धीरेन्द्र शास्त्री की हनुमंत कथा का 28 मार्च से 1 अप्रैल तक

**कोरबा।** धीरेन्द्र शास्त्री की हनुमंत कथा के बारे में जानकारी देते हुए संभागीय संगठन मंत्री जुड़ावन सिंह ने कहा कि यह दिव्य श्री हनुमंत कथा का आयोजन होना बड़े भाग्य का विषय है। हम सभी की सक्रिय भूमिका से काम कर सभी को तन, मन, धन से कार्यक्रम को सफल बनाना है। यह आयोजन 28 मार्च से 1 अप्रैल तक किया जएगा। आगामी आयोजन को लेकर जश्न रिसोर्ट के सभी समाज के पदाधिकारी, पत्रकार और विशिष्ट जन की एक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर संगठन संबंधित संगठन मंत्री जुडावन सिंह ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, नगर निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, रितु चौरसिया, सुबोध सिंह, अमरजीत सिंह, पीके दत्ता, श्रीकांत बुधिया, रणधीर पांडे, किशोर शर्मा, गेंदलाल शुक्ला, ऋषभ शुक्ला, अविनाश दुबे, रवि गिद्वानी, विजय राठौर, संदीप शर्मा, राजेश मिश्रा, पवन सिंह, विकास पांडे उपस्थित थे।

### पाली में ईएलसी क्लब और एसआईआर पर कार्यशाला

**पाली।** शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली में बुधवार को ईएलसी क्लब का गठन एवं एसआईआर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता डॉ सतीश प्रकाश सिंह (जिला स्वीप नोडल अधिकारी) थे तथा विशिष्ट वक्ता डॉक्टर हर्ष पांडेय (प्राध्यापक समाजशास्त्र) थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रीता पटेल (स्वीप नोडल अधिकारी) ने किया। मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में ईएलसी क्लब के गठन के उद्देश्य एवं कार्य के साथ एसआईआर पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को विस्तार से जानकारी प्रदान किया। विशिष्ट वक्ता डॉ पांडेय ने निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए एसआईआर को आवश्यक बताया। इस दौरान श्रीमती रीता पटेल, प्राध्यापकगण टी आर कश्यप, डॉ शेख तस्लीम अहमद, डॉ कविता ठक्कर, संत राम खांडेकर, कुमारी वर्षा लकड़ा सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### सीतामणी स्कूल के छात्राओं को साइकिल का किया वितरण

**कोरबा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीतामणी में बुधवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष वैभव शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती सायकिल योजना के तहत कक्षा नवमी की छात्राओं को सायकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार हर वर्ग का ध्यान रखती है। सरस्वती सायकिल योजना से छात्राओं को विद्यालय आने में काफी सहुलियत होती है और समय की भी बचत होती है। सरस्वती सायकिल योजना से छात्राओं की रूचि उच्च कक्षाओं में पढ़ने के लिए होती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सहित विद्यालय के व्यख्याता एवं एसएमडीसी के सदस्य श्रीमती मामौनी भौमिक, श्रीमती सुनीता निर्मलकर, तुषार साहू, मनीराम साहू, प्रभात मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### दीनदयाल उपाध्याय की मनाई गई पुण्यतिथि

**हरदीबाजार।** प्रखर राष्ट्रवादी, उत्कृष्ट संगठनकर्ता, अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रेणता पथ प्रदर्शक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उतरदा के बूथ क्रमांक 250 में उनके तैल्य चित्र पर श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, विधायक प्रतिनिधि व पूर्व जिला मंत्री नरेश टंडन, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीश थारवानी, शिवलाल यादव, मन्नू राठौर, बांकीमोगरा के मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, युवा मोर्चा मंत्री निखिल राठोर सहित अन्य उपस्थित सभी नागरिकों ने उनके आदर्शों और विचारों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

### मार्च में प्रभावित हो सकती है वितरण व्यवस्था

# जिले में गहराया चावल का संकट, जरुरत 1 लाख 20 हजार क्विंटल की, भंडारण 40 हजार क्विंटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में इस समय चावल का संकट गहराया हुआ है जरुरत 1 लाख 20 हजार क्विंटल की है और नान के गोदाम में 40 हजार क्विंटल चावल उपलब्ध है। मिलर्स के द्वारा चावल जमा करने में बरती जा रही लापरवाही की वजह से चावल का संकट गहरा गया है। फोर्टिफाइड चावल का टेंडर होने के बाद भी उसका पोर्टल लॉक होने के कारण एपीएल का चावल बीपीएल को दिया जा रहा है।

**खास बात**

- फोर्टिफाइड चावल का टेंडर होने के बाद भी पोर्टल है लॉक

चावल वितरण की व्यवस्था प्रदेश सहित कोरबा जिले में भी प्रभावित हो गई है। नान के पाली, कटघोरा, कोरबा गोदाम में चावल स्टॉक में नहीं होने के कारण आनन फानन में प्रशासन चावल की व्यवस्था करने में जुटा हुआ है जिले में 460 पीडीएस दुकान के माध्यम से 2 लाख 40 हजार राशन कार्डधारियों को चावल का वितरण किया जाता है। जनवरी महीने तक यह व्यवस्था सुचारु रुप से चलती रही लेकिन एकाएक फरवरी माह की शुरुआत से ही चावल भंडारण की व्यवस्था गड़बड़ा गई। धान खरीदी सीजन के दौरान राइस मिलर्स के द्वारा नान के गोदामों में चावल का भंडारण किया जाता है। एक क्विंटल धान के एवज में लगभग 67 क्विंटल चावल का भंडारण होता है। इस वर्ष धान की खरीदी भी बीते वर्ष की तुलना में कम होने के कारण मांग के अनुरुप चावल का भंडारण नहीं होने के कारण संकट गहराया है। वर्तमान में जिले में 1 लाख 20 हजार क्विंटल प्रतिमाह चावल की खपत है और नान के गोदाम की हालत यह है कि उसके पास महज 40 हजार क्विंटल चावल का ही भंडारण है। जिससे आगामी मार्च महीने तक व्यवस्था नहीं सुधरने के कारण पीडीएस दुकान में चावल के भंडारण की समस्या खड़ी हो सकती है।


फाइल फोटो

### जिले में दो तरह के चावल का वितरण

जिले में नान के द्वारा दो तरह के चावल का भंडारण किया जाता है। जिसमें सामान्य चावल और फोर्टिफाइड चावल। इनमें सामान्य चावल के भंडारण की व्यवस्था तो पटरी पर आ गई है तो वहीं फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति आज तक शुरु नहीं हो सकी है। शासन की ओर से फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति हेतु टेंडर तो किया जा चुका है लेकिन पोर्टल के लॉक होने से सप्लाई शुरु नहीं होने के कारण नान के गोदाम में फोर्टिफाइड चावल भी नहीं पहुंचा है।

### एपीएल कोटे का चावल खप रहा बीपीएल कोटे में

चावल के संकट से वितरण व्यवस्था को सुधारने में जुटे विभागीय अधिकारियों के द्वारा बीपीएल कोटे के लिए एपीएल कोटे के चावल का वितरण किया जा रहा है ताकि जिले के बीपीएल हितग्राहियों को चावल उत्सव के दौरान चावल लेने के लिए भटकना ना पड़े। इस उद्देश्य से खाद्य विभाग नागरिक आपूर्ति निगम के साथ मिलकर वितरण व्यवस्था सुधारने जुटा हुआ है।

## दुष्कर्म के मामले में आरोपी को मिली 10 की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 32 वर्षीय की महिला जब शाम को नदी गई हुई थी और वापस अपने घर लौट रही थी तो इसी दौरान एक अधेड़ व्यक्ति ने उसके गर्दन पर ब्लेड लगाकर उसके साथ बलपूर्वक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीकृत किया गया। पुलिस ने मामले को न्यायालय में पेश किया था जहां आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने 10 साल सश्रम कारावास व 5 सौ रुपए अर्थदंड से दंडित किया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीसागरपारा में रहने वाला महेत्तर केंवट उम्र 48 साल ने 7 जनवरी 2025 की है। जब एक महिला शाम को हसदेव नदी के किनारे गई हुई थी, नदी से वापस अकेले लौटने के दौरान आरोपी महेत्तर केंवट ने सूनसान रास्ता देखकर उसकी नियत बदल गई और महिला के साथ बलपूर्वक मारपीट करते हुए और उसके गर्दन पर ब्लेड की नोक लगाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था जिसके बाद वह फरार हो गया था। महिला की रिपोर्ट पुलिस ने महेत्तर केंवट के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर मामले को अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी सीमा प्रताप चंद्रा के न्यायालय में पेश किया था। जहां मामले की सुनवाई हुई और महेत्तर केंवट के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर 10 वर्ष सश्रम कारावास और 5 सौ रुपए से दंडित किया है। मामले में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक मोहन सोनी ने पैरवी की है।

### कार की ठोर से बाइक सवार दो युवक घायल

**ढेलवाडीह।** तेज रफ्तार कार की ठोकर से दो युवक घायल हो गये हैं। ढेलवाडीह चौक के पास बांकीमोंगरा तरफ से आ रही कार सीजी 12 बीएन 5216 चालक ने बाइक क्रमांक सीजी 12 बीएस 6311 में बाइक सवार छिरहुंट निवासी पीयूष कंवर एवं सुमित कंवर नमक दो युवक को कार से ठोकने के बाद कार आनियंत्रित होकर सड़क किनारे मैदान में चली गई लोगों के द्वारा तत्काल डायल 112 को सूचना दिया गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा ले लेकर गये जहां उनकी स्थिति बेहतर बतायी जा रही है।

## पैरोल पर छूटकर मां को दी मुखाग्नि शराब के मामले में गया था जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में नशे के खिलाफ जिला पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कोतवाली पुलिस ने सीतामणी क्षेत्र में ही शिकायत के आधार पर तीन युवकों को धारा 34(2) के तहत गिरफ्तार किया था और उन्हें जेल भी दाखिल किया लेकिन उसमें से एक युवक की मां की देर रात मौत हो गई। जिसके बाद बड़ी संख्या में परिजन एसपी ऑफिस जा पहुंचे थे और उसके पुत्र को मुखाग्नि देने के लिए पैरोल पर छोड़ने की मांग कर रहे थे। इस बीच न्यायालय के आदेश पर युवक को पैरोल पर रहा किया गया। जिसके बाद पुत्र ने अपनी मां का अंतिम संस्कार किया और पुनः उसे फिर से जेल दाखिल कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार नशे के बढ़ते कारोबार को रोकने के लिए जिलेभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। खासतौर पर ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- परिजन पैरोल के लिए पहुंच गए थे एसपी कार्यालय
- न्यायालय के आदेश के बाद छोड़ा गया पुत्र को, किया अंतिम संस्कार


अंतिम संस्कार के लिए जाता युवक।

### आबकारी अधिनियम के तहत की गई है कार्यवाही

सीतामणी क्षेत्र में अवैध शराब व नशीली एम्पुल बेचने की शिकायत मिली थी जिस पर पुलिस ने सीतामणी में ही 34 (2) की कुल तीन कार्यवाही की थी। गोविंदा श्रीवास के खिलाफ 34(2) के तहत गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा गया था। उसकी मां की तबीयत पहले से ही खराब थी और रात को उसकी मां की मौत हो गई थी। गोविंदा को पैरोल पर छुड़ाने के लिए एसीपी ऑफिस पहुंचे थे। न्यायालय के आदेश पर जेल में बंद गोविंदा को पैरोल पर छोड़ा गया था। जिसके बाद अंतिम संस्कार किया जिसके बाद उसे पुन: जेल दाखिल कर दिया गया है।

**-प्रतीक चतुर्वेदी,** नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा

## कर वसूली अभियान तेज, बकायादार दुकानों पर चला निगम प्रशासन का डंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर में लंबित संपत्ति कर, जल कर एवं अन्य नगर पालिका करों की वसूली को लेकर नगर पालिका प्रशासन एव राजस्व की टीम ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक अभियान चलाया मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने स्वयं नगर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों एवं वार्डों का भ्रमण कर नागरिकों व व्यापारियों से कर जमा करने की अपील की।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों एवं संपत्ति स्वामियों से सीधे संवाद कर बकाया करों की जानकारी दी तथा शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए इसके बावजूद जिन दुकानदारों ने कर जमा करने में लापरवाही बरती, उनके खिलाफ तत्काल कार्यवाही करते हुए कई दुकानों को मौके पर ही सील कर दिया गया। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में हड़कंप मच गया अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि नगर विकास कार्यों के लिए कर वसूली अत्यंत आवश्यक है और बकायादारों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि नगर की स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए कर संग्रह जरूरी है नागरिकगण अपना बकाया कर को समय पर जमा करें,अन्यथा प्रशाशन के द्वारा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं सीएमओ ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और आगे भी बकाया कर न चुकाने वालों की संपत्तियों एवं प्रतिष्ठानों पर सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका की इस पहल से कर वसूली में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वेच्छा से अपने करों का भुगतान कर नगर विकास में सहयोग करें ताकि नगर स्वच्छ व सुंदर रखा जा सके। इस अवसर पर नगर पालिका के सभी अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

**खास बात**

- मुख्य नगर पालिका अधिकारी कटघोरा ने किया शहर का निरीक्षण


जांच करते अधिकारी।

### सिक्किम का प्रतिनिधि मंडल पहुंचा कोरबा

# गेवरा खदान में कोयला खनन प्रक्रिया का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिक्किम एवं छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वधान में सिक्किम से 15 सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान गेवरा का दौरा किया। यह दौरा देश की ऊर्जा सुरक्षा में एसईसीएल भूमिका, पर्यावरणीय प्रयासों और सतत खनन पहलों को प्रत्यक्ष रूप से समझने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान गेवरा में अत्याधुनिक एचईएमएम संचालन का अवलोकन किया। मीडिया दल को सरफेस माइनर के माध्यम से ब्लास्ट-फ्री कोयला उत्खनन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई, जो पर्यावरण-अनुकूल होने के साथ-साथ सुरक्षित और प्रभावी खनन का उदाहरण है। इसके अतिरिक्त, प्रतिनिधिमंडल ने फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी के माध्यम से की जा रही पर्यावरण-अनुकूल कोयला डिस्पैच प्रणाली को भी देखा, जिससे धूल-उत्सर्जन में कमी, पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित होती है। इसके साथ ही गेवरा में विकसित मियावाकी पद्धति से किए गए सघन पौधारोपण को भी मीडिया सदस्यों ने सराहा। पत्रकारों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह पहली बार है जब उन्होंने कोयला खनन कार्यों को इतनी नज़दीक से देखा। उन्होंने देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक कल्याण के प्रति एसईसीएल के संतुलित दृष्टिकोण की सराहना की। गेवरा दौरे के उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर में एसईसीएल प्रबंधन से एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (तकनीकी) संचालन, बिरंची दास, निदेशक (एचआर), रमेश चन्द्र महापात्र, निदेशक (तकनीकी) योजना परियोजना के साथ संवाद किया, जहां संगठन की भावी योजनाओं, सतत विकास लक्ष्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व पहलों पर विस्तार से चर्चा की गई।



निरीक्षण के लिए पहुंचा दल।

## चालक ने दो ट्रेलर से की 12 चक्कों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत रियलकान एंड ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारी बजरंग ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि कंपनी की गाड़ी कोयला परिवहन हेतु चलवाने का काम करता है। जिसमें से वाहन ट्रेलर क्रं. सीजी 12 बीजी 6616 व वाहन ट्रेलर क्रं. सीजी 04 एनव्ही 8356 जो उक्त दोनों वाहन 18 चक्का लगा हुआ था उक्त दोनों वाहन का चालक लक्ष्मण दास अलग-अलग समय में बदल-बदलकर चलाता था कि 10 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे बजरंग ने कुसमुंडा खदान के 6 नंबर बेरियर खदान के पास लावारिश हालत में खड़ा देखा जो दोनों वाहनों को चेक करने पर उसमें लगा 12 नग नया टायर की जगह पुराना टायर लगा था और चालक लक्ष्मण दास ट्रक को वहीं पर छोड़कर कहीं भाग गया है। 12 नग टायर कीमती करीबन 3 लाख रूपये को चालक लक्ष्मण दास अपने अन्य साथियों के द्वारा चोरी कर ले गया है तथा नया टायर के जगह पुराना टायल लगा दिया गया है। मामले में पुलिस ने लक्ष्मण दास एवं उसके अन्य साथियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

**खास बात**

- चालक ने साथियों संग नए के जगह लगा दिया पुराना टायर

## खबर संक्षेप

### युवती को जान से मारने की धमकी

**बिलासपुर।** वीडियो वायरल करने की बात कहते हुए युवती से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने धमकी देने वाले युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक युवती का रविन्द्र निर्मलकर पिता संतोष निर्मलकर 20 साल से मोबाइल के माध्यम से संपर्क हुआ था। दोनों के बीच आपस में बातचीत होती रहती थी। युवती की शादी तय हो गई है। रविन्द्र अपने मोबाइल में युवती की आईडी बनाकर उनके खिलाफ दूसरे के मोबाइल में मैसेज व वीडियो भेज रहा है। उन्होंने मना किया तो युवक वीडियो फोटो वायरल करने की बात कहते हुए परिवार के लोगों को धमकी दे रहा है। रिपोर्ट करने पर अंदर होने से बाहर निकलने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर रविन्द्र निर्मलकर के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### घरवाले सोते रहे, चोर ले उड़े 50 हजार रुपए नकद

**बिलासपुर।** घरवाले सोते रहे और चोर घर में घुसकर आलमारी से 50 हजार रुपए नकद चोरी कर भाग गया। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक की चोरी करते तस्वीर कैद हो गई है। पुलिस चोर का सुराग नहीं लगा पाई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, दयालबंद नारियलकोठी निवासी मनजीत सलूजा उर्फ निक्कू पिता बूटा सिंह सलूजा प्रापर्टी डीलर हैं। 10 फरवरी की रात 10 बजे परिवार के साथ वे खाना खाकर सो गए थे। रात 12.15 बजे उनकी भतीजी ने फोनकर बताया कि कोई चोर घुसा है। वे अपने भाई, भतीजे को उठाकर उपर कमरे में गए तो चोर भाग गया था। रूम में जाकर चेक किए तो आलमारी से 50 हजार रुपए नकद की चोरी हो गई थी। सीसीटीवी चेक करने पर एक अज्ञात व्यक्ति घर के दरवाजे से कूदकर आते हुए व भागते हुए नजर आ रहा है। उन्होंने फुटेज पुलिस को देखकर रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पैसा वसूली कर जा रहे कर्मचारियों की बोलेरो में तोड़फोड़

**बिलासपुर।** शराब दुकान से पैसा वसूली कर जा रहे कर्मचारियों की बोलेरो में बाइक सवार तीन युवकों ने जमकर तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सीपत पुलिस के अनुसार, कोटा बस स्टैण्ड निवासी जयवंत मसीह पिता अशोक मसीह मंगला सीएमएस आफिस में शराब बिक्री का पैसा कलेक्शन वाहन में सुरक्षा गार्ड का काम करते हैं। 7 फरवरी को दोपहर 3.30 बजे वे ड्राइवर जयंत साहू, कैसियर साहिल लहरे व रंजीत के साथ बोलेरो क्रमांक सीजी 12 बीएन, 5804 में शराब बिक्री का पैसा लेने सीपत शराब दुकान गए थे। दुकान में उनके ड्राइवर ने बाइक सवार तीन युवकों को बाइक किनारे लगाने के लिए कहा। इस पर तीनों युवक ड्राइवर के साथ गाली गलौज करने लगे। समझाइश देने पर तीनों युवक वहां से चले गए। शाम 4 बजे वे शराब दुकान से बिक्री रकम लेकर बोलेरो से लौट रहे थे। मटियारी के पास उक्त बाइक सवार तीनों युवक आए और चलती गाड़ी में बीयर व शराब की बोतल फेंककर हमला करने लगे। जिससें बोलेरो की कांच टूट गया है।

---

**जांच के बाद सामने आएगी सच्चाई** | **मुंगेली नाका चौक स्थित नगर निगम के पेट्रोल पंप में नोजल टेस्टिंग का मामला**

# नोजल टेस्टिंग के नाम पर पेट्रोल-डीजल चोरी मामले में कमिश्नर ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम के पेट्रोल पंप में कर्मचारियों द्वारा हर रोज नोजल टेस्टिंग के नाम पर औसतन पंद्रह लीटर पेट्रोल-डीजल निकालने लेकिन उसका कहीं कोई हिसाब नहीं होने के मामले में नगर निगम कमिश्नर ने जांच के आदेश दिए हैं। इस संबंध में राज्य संपरीक्षा विभाग ने 27 जनवरी को पत्र भेजकर 33 लाख की गड़बड़ी की जानकारी देते हुए प्रशासनिक जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने संबंधी लेख किया गया था।

■ संपरीक्षा विभाग की आडिट रिपोर्ट में हुआ था खुलासा

मुंगेली नाका चौक स्थित नगर निगम के पेट्रोल पंप में नोजल टेस्टिंग के नाम पर कई वर्षों से पेट्रोल-डीजल चोरी करने के मामले में आखिरकार नगर निगम आयुक्त ने जांच के आदेश दे दिए हैं। इस संबंध में राज्य संपरीक्षा विभाग ने 27 जनवरी को आयुक्त नगर निगम को पत्र भेजा था। पत्र में कहा गया था कि पेट्रोल पंप के कर्मचारियों द्वारा नोजल टेस्टिंग के नाम पर प्रतिदिन औसतन पंद्रह लीटर पेट्रोल व डीजल निकाला जाता रहा है, लेकिन इसका हिसाब न तो बिक्री में दर्शाया जाता और न ही स्टॉक पंजी में ही इसका कोई जिक्र किया गया है। इस स्थिति में वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 मिलाकर कुल तीन वर्षों में करीब 33 लाख रूपए की पेट्रोल व डीजल की चोरी की गई है। पत्र में संपरीक्षा विभाग ने मामले की प्रशासनिक जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने संबंधी लेख किया था। कमिश्नर द्वारा अब इस मामले की जांच के निर्देश देने व दोषियों का पता चलने के बाद ही संभावित कार्रवाई की जा सकेगी।


नोजल टेस्टिंग के नाम पर 33 लाख का पेट्रोल-डीजल पार

10 फरवरी को हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### की जाएगी कार्रवाई

संपरीक्षा विभाग ने अपने पत्र में संभावित गड़बड़ी का जिक्र किया है। मामले की जांच करवा रहे हैं। किसी भी तरह की गड़बड़ी पाई गई तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**प्रकाश कुमार सर्वे**
कमिश्नर नगर पालिक निगम

---

### शासन द्वारा लगातार जारी की जा रही राशि

# किसानों को 15 सौ करोड़ का भुगतान, कई अब भी इंतजार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर अपना धान बेचने वाले किसानों को सरकार द्वारा अब तक 1 हजार 508 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। हालांकि इतना भुगतान करने के बाद अभी भी हजारों की संख्या में किसान शेष हैं, जो भुगतान का इंतजार कर रहे हैं। विपणन विभाग के अनुसार ऐसे सभी किसानों को दो से तीन दिनों के भीतर राशि का भुगतान कर दिया जाएगा।

■ शेष किसानों को भी जल्द भुगतान की संभावना

पंद्रह नवंबर से प्रारंभ की गई समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शासन द्वारा समय-समय पर भुगतान जारी किया जाता रहा है। इसके अंतर्गत आज की स्थिति तक किसानों को 1 हजार 508 करोड़ रूपए का भुगतान जारी किया जा चुका है। हालांकि भुगतान की गति काफी धीमी रही है। ऐसे किसान जिन्होंने 15 जनवरी या इसके बाद की स्थिति में अपना धान बेचा था, इन्हें तेरह दिनों बाद भी भुगतान प्राप्त नहीं हो सका था। भुगतान प्राप्त नहीं होने से परेशान किसान किसी गड़बड़ी की आशंका पर लगातार अपनी समितियों में एवं बैंकों में जाकर पतासाजी कर रहे थे। इन किसानों को जनवरी के अंत तक भुगतान प्राप्त हो सका था। इधर सरकार ने भले ही किसानों को 15 सौ करोड़ का भुगतान किया है, लेकिन अभी भी हजारों की संख्या में किसान भुगतान का इंतजार कर ही रहे हैं, जिन्हें दो से तीन दिनों के भीतर भुगतान होने की बात कही जा रही है।



#### होली के पहले अंतर की राशि का भी पूरा भुगतान

शासन द्वारा अभी केवल समर्थन मूल्य का भुगतान किया गया है, लेकिन प्रदेश में सरकार द्वारा घोषित 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर में से शेष अंतर की राशि का भुगतान भी होली के पहले ही कर दिए जाने की भी तैयारी है। विपणन विभाग के अनुसार इस संबंध में शासन द्वारा कैबिनेट में निर्णय भी लिया जा चुका है।

#### 24 फरवरी के बाद बेचने वाले किसानों का भुगतान शेष

ऐसे किसान जिन्होंने 24 फरवरी के बाद अपना धान समर्थन मूल्य पर बेचा है, उन सभी का भुगतान अभी लंबित है। सूत्रों के अनुसार शासन द्वारा फिलहाल 24 फरवरी तक धान बेचने वाले किसानों का पेमेंट क्लियर किया गया है। इसी तरह आगामी दो दिनों के भीतर शेष किसानों का भुगतान किए जाने की संभावना जाहिर की जा रही है।

#### एक दो दिन में हो जाएगा भुगतान

समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को अब तक 1508 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। जो किसान भुगतान प्राप्त करने से रह गए हैं, उनका भुगतान भी एक से दो दिनों के भीतर कर दिया जाएगा।

-**उपेंद्र कुमार**, डीएमओ विपणन विभाग

---

# जिंदा लोगों को मृत व गायब बताने को लेकर कांग्रेस ने मचाया हंगामा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसआइआर के बीच बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शहर के एक वार्ड में निवासरत अल्पसंख्यक समुदाय सहित एसटी-एससी के 117 मतदाताओं के नाम को विलोपित कराने फार्म सात भरकर जमा करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वहीं 117 लोगों के नाम को मतदाता सूची से विलोपित कराने के लिए एक व्यक्ति द्वारा बीएलओ को फार्म सौंपे जाने का आरोप भी लगाया गया है। इस गड़बड़ी की शिकायत लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व बेलतरा विधानसभा के प्रत्याशी विजय केशरवानी ग्रामीणों के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे थे।

■ 117 के नाम विलोपित कराने भर दिया फार्म सात
■ ग्रामीणों के साथ शिकायत करने पहुंचे पूर्व जिलाध्यक्ष

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विजय केशरवानी ने फार्म सात का किए जा रहे दुरुपयोग और सुनियोजित षड़यंत्र की गंभीरता से जांच कराने की मांग कलेक्टर संजय अग्रवाल से की है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि एक व्यक्ति द्वारा 117 लोगों का फार्म सात भरकर बीएलओ को जमा करा देता है, बीएलओ किस आधार पर फार्म कर लेता है इस बात की जांच होनी चाहिए। जिसने बड़ी संख्या में मतदाताओं का नाम कटाने के लिए फार्म सात भरकर जमा किया है उसकी मंशा क्या है और किसके इशारे पर यह सब किया है। विजय ने सत्ताधारी दल पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की मंशा साफ है, कांग्रेस मानसिकता वाले मतदाताओं, अल्पसंख्यक, एससी व एसटी मतदाताओं के नाम को एसआईआर के नाम पर विलोपित कराना चाहती है। गुपचुप तरीके से इस काम को या इस षड़यंत्र को अंजाम दे रहे हैं। बीएलओ इस काम में भाजपा के कार्यकर्ता व नेताओं की मदद करते भी नजर आ रहे हैं।

#### एसआईआर के तहत फार्म सात के दुरुपयोग की शिकायत

**बिलासपुर।** कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी बुधवार को बेलतरा क्षेत्र के ग्रामीणों को साथ लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर संजय अग्रवाल से शिकायत करने पहुंचे थे। उनकी शिकायत है कि एसआईआर के तहत फार्म 7 का दुरुपयोग किया जा रहा है और बिना भौतिक सत्यापन के फार्म भराया जा रहा है। एसआईआर के अंतर्गत 14 फरवरी तक मतदाताओं की सुनवाई होना है जिसका अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी निर्धारित है। विजय केशरवानी का कहना है कि इस बीच लगातार बेलतरा विधानसभा से लेकर पूरे जिले से शिकायतें मिल रही हैं कि भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस मतदाता, अल्पसंख्यक एवं एसटी-एससी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के नाम कटवाने के लिए फार्म 7 भरा जा रहा है, जहां बीएलओ लेने से इनकार कर रहे हैं उनके ऊपर दबाव बनाया जा रहा है। बीएलओ को बोला जा रहा है कि ये फार्म ऊपर से आया है नहीं लेने पर कार्रवाई की जाएगी, जिससे बीएलओ दबाव में काम कर रहे हैं। बेलतरा विधानसभा के चांटीडीह क्षेत्र की घटना है जिसमें मतदाताओं के नाम 2003 के वोटरलिस्ट में है साथ ही वे लोग आज भी वही निवासरत है और उन्होंने एसआईआर तहत फार्म आवश्यक डाक्यूमेंटस के साथ जमा किया है फिर भी उनके नाम पर फार्म 7 भरा गया है, जिससे लोग परेशान है, इसलिए फार्म 7 के दुरुपयोग को रोका जाए और जो लोग इस कार्य में लिप्त है और फार्म 7 जमा किए है उन पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

---

# कांम्बिंग गश्त में पकड़े गए 126 वारंटी और 11 फरार आरोपी, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात 300 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने जिले में चौतरफा कांम्बिंग गश्त कर वारंटी, फरार आरोपी, निगरानी, गुण्डा बदमाशों की धरपकड़ की। एक दिन में 126 वारंटी, 11 फरार आरोपी, 41 निगरानी गुण्डा बदमाशों की चेकिंग की गई है। पुलिस की कार्रवाई से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ था।

■ 300 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने की गश्त

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देशन में जिले में अपराध नियंत्रण, वारंट तामिली एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से 10 फरवरी की रात्रि में समस्त थाना क्षेत्रों में एक साथ व्यापक कांबिंग गश्त अभियान संचालित किया गया। अभियान में 300 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा समन्वित रूप से अलग अलग टीम गठित कर संभावित ठिकानों, संदिग्ध स्थनों, होटल, ढाबों, सार्वजनिक स्थानों एवं वारंटियों के निवास स्थानों पर सघन जांच एवं दबिश कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 126 वारंटियों को पकड़ा गया। इनमें 50 स्थाई, 76 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न गंभीर अपराधों में लंबे समय से फरार चल रहे 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। निगरानी सूची में दर्ज 41 गुण्डा, बदमाशों की विधिवत चेकिंग कर उनकी गतिविधियों का सत्यापन कर वैधानिक चेतावनी दी गई। संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए 10 व्यक्तियों के खिलाफ 170 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। एक प्रकरण में एक व्यक्ति के कब्जे से धारदार हथियार बरामद होने पर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसके साथ शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले चालकों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है। पिछले एक सप्ताह में शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 105 लोगों पर कार्रवाई की गई है।






### सीयू करेगी कर्मचारियों को अधिक वेतन भुगतान की भरपाई

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी में अस्थाई पदों पर नियमित पद का वेतन भुगतान के मामले में यूजीसी ने वसूली का निर्देश दिया है। इस पर यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने यूजीसी को पत्र लिखकर अधिक वेतन भुगतान की भरपाई खुद करने की बात कही है। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी के अस्थाई पदों पर नियमित नियुक्ति का मामला गरमाया हुआ है। यूजीसी ने अस्थाई पदों पर जिन अधिकारियों-कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है, उनसे नियमित के रूप में किए गए अधिक वेतन भुगतान की वसूली कर अवगत कराने कहा है। इससे उन अधिकारियों-कर्मचारियों में हडकंप मचा हुआ है, क्योंकि एक तो उनकी नियमित नियुक्ति को संविदा में तब्दील किए जाने का निर्णय यूनिवर्सिटी द्वारा लिया गया है। उस पर करीब पिछले दो साल से उन्हें जो वेतन भुगतान किया गया था उसकी वसूली उन पर भारी पड़ रही थी। चूंकि सारी गलती यूनिवर्सिटी की है इसलिए यूनिवर्सिटी ने एमएमटीटीसी के पांच अधिकारियों-कर्मचारियों को वसूली से बचाने के लिए यूजीसी को पत्र लिखा है और यूनिवर्सिटी की आंतरिक व्यवस्था से अधिक वेतन की जो भुगतान की गई है उसकी भरपाई किए जाने की बात कही है।

---

# सैलरी पैकेज के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारत के अंतर्राष्ट्रीय बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए विशेष सैलरी पैकेज उपलब्ध कराने महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए। समझौते पर छत्तीसगढ़ सरकार की विशेष सचिव (वित्त) शीतल शाश्वत वर्मा और बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर अंचल के महाप्रबंधक व अंचल प्रमुख दिवाकर पी. सिंह ने हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर उप महाप्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख किसलय प्रसाद भी उपस्थित रहे। इस कस्टमाइज़्ड सैलरी पैकेज के तहत कर्मचारियों को 2 करोड़ रुपए तक का कुल दुर्घटना बीमा और 12 लाख रुपए तक का जीवन बीमा कवर मिलेगा।




ड्यूटी के दौरान दुर्घटना पर अतिरिक्त 25 लाख रुपये तक का लाभ दिया जाएगा। साथ ही, होम, ऑटो, एजुकेशन और पर्सनल लोन पर रियायतें, ओवरड्राफ्ट सुविधा तथा डेबिट-क्रेडिट कार्ड, डीमैट, लॉकर रेंट में छूट सहित कई बैंकिंग सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी।

---

# रांग साइड चल रहे कार स्कूली बस से टकराई, बाल-बाल बचे बच्चे

**बिलासपुर।** रांग साइड चल रही कार स्कूली बस से टकरा गई, हादसे के बाद बस में सवार बच्चों के रोने बिलखने से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। राहत की बात यह है कि किसी भी बच्चे को चोट नहीं आई है। पुलिस ने क्रेटा चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

चकरभाठा पुलिस के अनुसार, ग्राम रहंगी निवासी मकुंदीदास मानिकपुरी पिता लखनदास मानिकपुरी चिचिरदा रोड बोदरी स्थित एलसीआईटी स्कूल का बस चलाते हैं। 11 फरवरी को स्कूल के बस क्रमांक सीजी 10 जेबी, 8591 में नर्सरी से क्लास टू के बच्चों को स्कूल से बस में बैठाकर उनक घर हाईकोर्ट कालोनी चकरभाठा बोदरी छोड़ने जा रहे थे। दोपहर 1 बजे चकरभाठा बोदरी के पास रांग साइड से तेज रफ्तार से आ रही क्रेटा कार क्रमांक सीजी 04 एनयू, 6300 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बस को टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस में सवार मासूम बच्चों के चिखने चिल्लाने व रोने की आवाज से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। हालांकि बस में सवार बच्चों को चोट नहीं आई थी। बस के ड्राइवर मकुदीदास मानिकपुरी व कंडेक्टर चंद्र कुमार कोल को चोट आई और बस क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने क्रेटा कार के ड्राइवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए,281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



दुर्घटनाग्रस्त कार और बस।

### नगर निगम की सामान्य सभा कल

**बिलासपुर।** नगर निगम की सामान्य सभा 13 फरवरी को दोपहर 12 बजे लखीराम आडिटोरियम में होगी। बैठक में कुल 15 एजेंडों पर चर्चा होगी, जिनमें शहर की सड़कों, नालियों, बिजली, पानी, गार्डन, और कॉम्प्लेक्स जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही, 100 करोड़ से अधिक के प्रस्तावों पर भी विचार किया जाएगा। यह बैठक दो महीने में होने वाली सामान्य सभा का हिस्सा है, लेकिन यह चार माह बाद की जा रही है। बैठक में पार्षदों से दो-दो प्रश्न मंगाए गए हैं, जो वे 3 फरवरी की दोपहर 2 बजे तक निगम सचिवालय, विकास भवन में जमा कर सकते हैं। 6 फरवरी को विकास भवन में लॉटरी सिस्टम के माध्यम से प्रश्नों का चयन किया जाएगा। बैठक के पहले घंटे में प्रश्नकाल होगा, जिसमें मेयर और एमआईसी सदस्य पार्षदों के प्रश्नों का जवाब देंगे।

# बुकिंग कराकर घूमने ले गए मैनपाट, वापसी में लूट ली स्कॉर्पियो

**सरगुजा।** घूमने के बहाने से बुकिंग कराई गई स्कॉर्पियो वाहन की लूट का मामला सामने आया है। मैनपाट से वापस लौटते समय बदमाशों ने पीछे से वाहन स्वामी के गले को बेल्ट से दबा दिया। इस दौरान युवक ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। इधर लुटेरे वाहन को लेकर फरार हो गए। हालांकि बताया जा रहा है कि पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन को बरामद कर लिया है जबकि आरोपियों की तलाश जारी है।

बताया जा रहा है कि 10 फरवरी को चार युवक पुराना बस स्टैंड में पहुंचे थे। युवकों ने चार पहिया वाहन की बुकिंग के लिए कुमार कलेक्शन के सामने एक पंचर दुकान वाले से संपर्क किया। पंचर दुकान के संचालक ने भट्ठी रोड निवासी अंकित सिन्हा को फोन कर स्कार्पियो की बुकिंग के लिए कहा। अंकित सिन्हा ने बताया कि गाड़ी का ड्राइवर नहीं है। पंचर दुकान वाले ने बताया कि युवकों को मैनपाट घूमने के बाद शाम को ड्राप कर देना है। शिकायतकर्ता अंकित सिन्हा ने बताया कि वह अपनी स्कार्पियो क्रमांक सीजी 16 सीजे 5333 वाहन स्वयं चलाकर पुराना बस स्टैंड पहुंचा। चारों युवक स्कार्पियो वाहन में सवार हो गए जिसके बाद उसने युवकों को उल्टापानी, दलदली, टाइगर प्वाइंट एवं अन्य पर्यटन स्थल घुमाया। मैनपाट प्वाइंट होटल में नाश्ता करने के बाद चारों वापस अंबिकापुर आने के लिए निकले थे। इस दौरान देर शाम 7. 30 बजे मैनपाट-दरिमा रोड में बरगईं के पास युवकों ने उल्टी लगने की जानकारी देकर स्कार्पियो वाहन रोकने के लिए कहा। अंकित सिन्हा ने जब गाड़ी रोकी तो सामने बैठा एक युवक एवं पीछे बैठा एक युवक गाड़ी से उतर गए। वहीं ड्राइवर के पीछे की सीट पर बैठे एक युवक ने बेल्ट से अंकित सिन्हा का गला दबाने की कोशिश की। अंकित सिन्हा किसी तरह से बेल्ट को गले से हटाने में कामयाब हो गया और गाड़ी से उतरकर बाहर भागा। युवकों ने उसे दौड़ाकर पकड़ने की कोशिश की। अंकित सिन्हा सड़क किनारे गड्ढे में कूद गया एवं बचने के लिए कुछ दूर में छिप गया। इधर स्कार्पियो में सवार युवकों ने उसका मोबाइल गाड़ी से निकालकर बाहर फेंक दिया और स्कार्पियो वाहन लेकर भाग निकले। रात करीब 9 बजे अंकित सिन्हा दरिमा थाने पहुंचा और स्कार्पियो लूटने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में धारा 309 (3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। सूचना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। इसी दौरान देर रात सरगुजा पुलिस को स्कार्पियो वाहन द्वारा चोटिया के पास अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे में चेकपोस्ट करने की जानकारी मिली। इसकी जानकारी मिलने पर कोरबा जिले के बांगो एवं कटघोरा पुलिस को अलर्ट कर दिया गया। बताया गया है कि युवक बांगो थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे से जंगल के रास्ते में स्कार्पियो वाहन खड़ी कर भाग निकले हैं। पुलिस ने स्कार्पियो वाहन को लावारिस हालत में बरामद किया कर लिया है। स्कार्पियो लूटने वाले युवकों की तलाश की जा रही है।



■ गला दबाकर दिया वारदात को अंजाम, बांगो क्षेत्र में वाहन छोड़कर भागे लुटेरे

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी दूरस्थ वनांचल से लेकर शहरी क्षेत्रों तक की समस्याएं

## राखड़ डंपिंग, विद्युत पोल से संबंधित आवेदन की जांच करने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जनदर्शन में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों एवं शहरी अंचलों से आए आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं सहानुभूतिपूर्वक सुना। प्राप्त सभी आवेदनों पर कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार परीक्षण कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आवेदकों द्वारा क्रमवार अपने आवेदन प्रस्तुत किए गए तथा अपनी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया गया। कलेक्टर श्री दुदावत ने ट्राइसाइकिल एवं राशन कार्ड से संबंधित आवेदनों को खाद्य विभाग को प्रेषित करते हुए निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार समाज कल्याण विभाग को ट्राइसाइकिल संबंधी आवेदनों का परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को प्रदाय करने के निर्देश दिए गए। जनदर्शन में भूमि को कब्जामुक्त कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), केवाईसी, मुआवजा, संविदा एवं अनुकम्पा नियुक्ति, सीमांकन तथा भवन निर्माण से संबंधित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। बरबसपुर क्षेत्र में राखड़ डंपिंग के कारण खेतों में जलभराव की समस्या को लेकर जवाहर लाल डहरिया द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक ने बताया कि राखड़ डंपिंग से कृषि भूमि प्रभावित हो रही है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर मामले की जांच करने एवं आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगर निगम अंतर्गत मरम्मत कार्य पूर्ण होने के पश्चात भुगतान नहीं होने की शिकायत को लेकर ठेकेदार अरविंद कुमार ने आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने प्रकरण को संबंधित विभाग को प्रेषित करते हुए नियमानुसार परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हरदीबाजार निवासी लेखराम राठौर द्वारा एसईसीएल भूमि मुआवजा संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस पर कलेक्टर श्री दुदावत ने स्पष्ट किया कि मुआवजा प्रक्रिया में भूमि मापन (मेजरमेंट) एक आवश्यक और महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भूमि मापन कार्य पूर्ण कराकर 15 दिवस के भीतर आगे की मुआवजा प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। राताखार स्थित दुर्गा चौक में जर्जर विद्युत पोल से दुर्घटना की आशंका को लेकर माडू राम ने आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को आवेदन प्रेषित कर तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक सुधार कार्य करने के निर्देश दिए।

**खास बातें**

- आवेदनों का परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को प्रदाय करने कलेक्टर ने दिए निर्देश



## कलेक्टर ने गुणवत्ता में लापरवाही पर जताई नाराजगी

# चैतमा स्थित निर्माणाधीन चिकित्सक आवास का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पाली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम चैतमा स्थित निर्माणाधीन चिकित्सक आवास का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार से निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल देते हुए ईंटों की जोड़ाई, आंतरिक निर्माण और अन्य तकनीकी कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य में त्रुटियां पाए जाने पर उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के इंजीनियर एवं संबंधित ठेकेदार पर नाराज़गी व्यक्त की तथा कार्यों को सुव्यवस्थित और सुनियोजित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदार एवं अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया कि निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा दीवारों में पाई गई त्रुटियों को तत्काल सुधारते हुए आवश्यक ग्राउटिंग कार्य सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अन्य कमियों का पुनः परीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण सुधार करने के निर्देश भी प्रदान किए। निर्माण कार्य में पाई गई गुणवत्ता संबंधी लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने ठेकेदार राहुल शर्मा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कटघोरा स्थित शासकीय पीजी कॉलेज में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष का भी निरीक्षण किया तथा इसे गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुदावत ने ग्राम उतरदा में पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित किए जा रहे ग्राम्य भारती हरदीबाजार कॉलेज भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण को समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। कॉलेज भवन हेतु बाउंड्रीवाल और छात्रावास की मांग रखे जाने पर उन्होंने संबंधित प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जा रहे 8 किमी लंबी उत्तरदा-रेकी सड़क का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाते हुए इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग छुरी-कटघोरा मार्ग का अवलोकन किया। उन्होंने नेशनल हाइवे के अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य में प्रगति लाते हुए इसे शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**खास बात**

- ठेकेदार को नोटिस जारी करने और सुधार के साथ शीघ्र पूर्ण करने के दिए गए निर्देश



स्थल का निरीक्षण करते कलेक्टर।

# मानवता भगवान को अत्यंत प्रिय है : आचार्य त्रिपाठी



भगवताचार्य चन्द्रहास त्रिपाठी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

परमहंस स्वामी श्री शारदानंद सरस्वती महाराज के पावन स्मृति में एवं महामंडलेश्वर स्वामी श्री हरिहरानंद सरस्वती महाराज के सुखद सन्निधि में 45वां श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य चन्द्रहास त्रिपाठी ने कहा कि मानवता भगवान को अत्यंत प्रिय है। इसी से स्वयं श्री राम तथा श्री कृष्ण मानव रूप में प्रकट होकर के अपनी लीला संपन्न करते हैं। मानवता के क्षेत्र में स्वयं भगवान का अवत्तीर्ण होकर मानवता को धन्य करना भगवान की मानव पर महान कृपा का एक प्रत्यक्ष प्रमाण है भगवान ही मानवता के परम आदर्श हैं उनके चरित्रो का श्रवण तथा श्री राम के वाणी का अनुसरण करने में ही मानव का परम कल्याण है तथा इसी में मानवता की सफलता है मानव शरीर प्राप्त करके भी जो केवल पशु या असुर की भांति भोगों में ही रचा पचा रहता है वह मानव अमृत खोकर बदले में विष लेता है श्री रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी ने कहा है कि नर तनु पाइ विषय मन देही पलटि सुधा ते सठ विष लेहीं। मनुष्य शरीर बहुत दुर्लभ है भगवान ने कृपा करके इसे सुलभ कर दिया। यह मानव शरीर भवसागर को पार करने के लिए सुंदर सुखद सुदृढ नौका है, संत महात्मा गुरु रूप में केवट मिल गए हैं। भगवान की कृपा रूपी अनुकूल वायु प्राप्त है इतने पर भी जो इस भवसागर से नहीं तरता वह आत्म हत्यारा है।

# लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी सेवा कार्यों में अग्रणी : विजय



कार्यक्रम में उपस्थित लायंस क्लब के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब से सम्बंधित संस्था लायंस क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा मुरली होटल कटघोरा के सभागार में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला विजय अग्रवाल, रीजन चेयरपर्सन लायन कैलाश नाथ गुप्ता व जोन चेयरपर्सन ला पवन अग्रवाल की आधिकारिक यात्रा संपन्न किया गया।

सर्वप्रथम क्लब के अध्यक्ष ला मनोज अग्रवाल के द्वारा क्लब के द्वारा 1 जुलाई 25 से आज दिनांक तक किये गए सभी सेवा गतिविधियों के बारे में उपस्थित अतिथियों को क्रमवार जानकारी उपलब्ध कराई गई। क्लब के द्वारा स्थाई प्रोजेक्ट पर भी बताया कि क्लब के द्वारा डॉयलिसिस सेवा सेंटर संचालन, छुरी बस स्टैंड में वाटर कूलर का संचालन व शव फ्रीजर का निःशुल्क संचालन किया जा रहा है। ततपश्चात मंचस्थ अतिथियों ने क्लब के द्वारा किये गए सभी गतिविधियों का एलबम व स्क्रेप बुक का बारीकी से निरीक्षण करते हुए क्लब की प्रशंशा की। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला विजय अग्रवाल ने बताया कि क्लब के द्वारा एक से बढ़कर एक सेवा के कार्य जिस प्रकार से किये गए है निश्चित ही प्रशंशनीय है क्लब के द्वारा बराबर समय से रिपोर्टिंग भी की जा रही है रिपोर्टिंग महत्वपूर्ण होता है क्योंकि रिपोर्टिंग के आधार पर ही पूरे डिस्ट्रिक्ट को ज्ञात होता है कि क्लब के द्वारा किस प्रकार से व क्या क्या सेवा के कार्य किये जा रहे हैं सांथ ही क्लब के द्वारा डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट पर भी अच्छी तरह से कार्य किये गए हैं ततपश्चात डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने एलबम व स्क्रेब बुक भी देखते हुए क्लब को बधाई दी। रीजन चेयरमैन कैलाथ नाथ गुप्ता ने बताया मुझे काफी खुशी है कि ऐसी सक्रियता से कार्य करने वाली क्लब मेरे रीजन में है क्लब के द्वारा निःस्वार्थ भाव से जिस प्रकार से एक से बढ़कर एक सेवा के कार्य किये जा रहे हैं सराहनीय है। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट पीआरओ व क्लब संरक्षक अजय धनोंदिया, क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सचिव प्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश गोयल, घनश्याम शर्मा, नरेंद्र अग्रवाल, राकेश पाण्डेय, राकेश शर्मा सहित सदस्य उपस्थित रहे।

**खास बात**

- डिस्ट्रिक्ट, रीजन एवं जोन चेयरपर्सन की आधिकारिक यात्रा संपन्न

## पृष्ठ 1 का शेष

### पैरोल पर छूटकर...

अवैध शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। बताया जाता है कि मुखबीर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को सीतामणी क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थान में दबिश दी थी और सीतामणी निवासी गोविंदा श्रीवास उम्र 23 वर्ष की कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया था और उसके खिलाफ 34(2) के तहत अपराध पंजीकृत कर उसे जेल दाखिल कर किया गया था। जिसके बाद मंगलवार की रात ही उसकी लगभग 50 वर्षीय सविता श्रीवास जो पूर्व से बीमार थी देर रात को उसकी मौत हो गई थी। जिसके उपरांत बुधवार की दोपहर उसके परिजन बड़ी संख्या में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे थे और जेल में बंद गोविंदा श्रीवास्तव को पैरोल पर रिहा करने की मांग कर रहे थे। परिजनों ने अपने वकील के माध्यम से न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया था जिस पर न्यायालय ने गोविंदा को अपनी मां के अंतिम संस्कार के लिए उसे पैरोल पर रिहा करने का आदेश जारी किया। जेल से रिहा होने के बाद गोविंदा श्रीवास ने अपनी मां का अंतिम संस्कार किया और शाम को पुनः गोविंदा को जेल दाखिल कर दिया गया है। वहीं इस मामले को लेकर गोविंदा श्रीवास के परिजनों ने पुलिस पर बेवजह कार्यवाही करने का आरोप लगाया है।

# अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं।

श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव अयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने प्रस्तुत किये अनेक कार्यक्रम अयोजित है चार युगों पर नृत्य नाटिका, राजस्थानी, पंजाबी, देश भक्ति व महाकाव्यों पर नाटक का मंचन किया गया। श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल व विशिष्ट अतिथियों के द्वारा माता सरस्वती व महाराजा अग्रसेन पूजा अर्चना व दीपप्रज्वलन से किया गया।

प्राचार्य डॉ मनोज कुमार झा ने कहा कि वार्षिक उत्सव की सभी को बधाई देता हूं यह ऐसे सदस्यगण भी है जिन्होंने मातृ शक्ति को आगे बढने वे शिक्षा प्राप्त करें इसके लिए महाविद्यालय बनाया गया। श्री अग्रसेन शिक्षण समिति महाविद्यालय के अध्यक्ष सुनील जैन ने कहा कि वार्षिक उत्सव पर सभी को बधाई देता हूं यह हमारे कार्यकाल का अंतिम प्रडाव चल रहा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ में अग्रवाल समाज काफी अग्रीण है अग्रवाल समाज का विद्यालय, भवन, महाविद्यालय गौशाला है कोरबा में 3.5 एकड जमीन भी मिल गई है जिसमें समाज में अच्छा से अच्छा भवन बने समाज में सभी को मिल कर काम करना चाहिए। वार्षिक उत्सव के इस रंगारंग कार्यक्रम में छात्राओं के द्वारा विभिन्न महाकाव्य पर आधारित नाटकों के साथ, एनसीसी ग्रुप के द्वारा देश भक्ति नृत्य, चार युगों पर नृत्य नाटिका ने सतयुग से कलयुग तक के अवतरों को का जहां प्रस्तुति दी गई।

*कोरबा। केयर स्किल फाउंडेशन की ओर से ग्राम पंचायत सोंड्रा स्थित शासकीय कन्या माध्यमिक शाला में निःशुल्क मार्शल आर्ट (सेल्फ डिफेंस) प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को आत्मरक्षा का व्यावहारिक एवं सशक्त प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## आज देशव्यापी हड़ताल को सिस्टा देगी अपना समर्थन



**कोरबा।** केन्द्र सरकार द्वारा पारित लेबर कोड बिल श्रमिक विरोधी होने और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के श्रमिकों के सविधानिक अधिकारों के खिलाफ होने के कारण कोल इंडिया एससी एसटी इम्पलाईज एसोसिएशन (सिस्टा) के राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रस्ताव में पारित प्रस्ताव के तहत तथा केन्द्रीय श्रम संगठनों एचएम एस एटक, इन्टक एवं सीटू द्वारा हड़ताल के समर्थन में की गई अपील पर सिस्टा एसोशिएशन केन्द्रीय श्रम संगठनों द्वारा आयोजित 12 फरवरी को होने वाली देश व्यापी हड़ताल को पूर्ण समर्थन दिया है।

## खबर संक्षेप



### ऑल इंडिया लीनेस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**कोरबा।** होटल गणेश इन में ऑल इंडिया लीनेस क्लब निहारिका कुसमुंडा इकाई का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वॉइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस अंजना सिंह उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ पूर्व डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट चित्रलेखा चंदेल एवं रीजन चेयरमैन लीनेस भगवती अग्रवाल शामिल रहीं। शपथ अधिकारी के रूप में पूर्व डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस उषा अरोरा ने निहारिका कुसमुंडा इकाई की नवनियुक्त अध्यक्ष हेमा शर्मा, सचिव सुधा चौबे एवं कोषाध्यक्ष संगीता वर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कुसमुंडा इकाई द्वारा दो जूनियर क्लबों का भी गठन किया गया। जिसमें जूनियर लीनेस क्लब सरस्वती स्पॉन्सर क्लब निहारिका कुसमुंडा के अध्यक्ष लीनेस पूजा दीवान, सचिव लीनेस चांदनी प्रजापति, कोषाध्यक्ष लीनेस श्रीया कैवर्त, जूनियर लीनेस क्लब शारदा स्पॉन्सर क्लब निहारिका कुसमुंडा के अध्यक्ष लीनेस अंशु महंत, सचिव लीनेस लता साहू, कोषाध्यक्ष लीनेस अनुष्का महंत निर्वाचित किए गए।

### सभी को करना चाहिए संविधान का सम्मान : ऋषिकर



**कोरबा।** राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा भारत के घटक संगठन मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा द्वारा परसाभांठा बालको में संवैधानिक भारत राष्ट्र नवनिर्माण अभियान के अंतर्गत संविधान सुरक्षा सत्संग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल ऋषिकर भारती ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला संयोजक क्रांति कुमार साव, केंद्रीय सचिव सुनील सुना, जिला उपाध्यक्ष प्यारेदास महंत, बालको अध्यक्ष शीतला साहू, कोषाध्यक्ष संगीता साहू, जिला सचिव बलजीत कौर, परसाभांठा उपाध्यक्ष कृष्ण नंद नवरंगे, सचिव रमशिला चौधरी, सदस्य मालती सहीस, रुक्मणि सहीस, बबली केवट, केंद्रीय प्रतिनिधि निरंजन प्रधान, चंदा बाई केवट, कौशल्या कंवर, कु मीरा महंत के साथ बड़ी संख्या में श्रमिक महिलाएं उपस्थित हुए। गोपाल ऋषिकर भारती ने कहा कि भारत में काल्पनिक और बनावटी जातिवाद और आतंकवाद पर आधारित धर्मों के कारण आपसी हिंसा, नफरत और दुराचार से मानव समाज में अशांति और अराजकता की खाई तेजी से गहरी हों रही है। इसको रोकने का अब एक ही रास्ता बचा है कि हम सब भारत के संविधान को आखिरी भगवान, गुरु या मार्गदर्शक मानकर देश के कानून और न्याय के पथ पर ईमानदारी से चलने का संकल्प लें।

### लाइवलीहुड में हैंडीक्राफ्टिंग सेक्टर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**कोरबा।** केंद्र सरकार की रैंप योजना के अंतर्गत सीएसआईडीसी रायपुर के बैनर तले एनआईएमएसएमई हैदराबाद द्वारा लाइवलीहुड कॉलेज कोरबा में सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हैंडीक्राफ्टिंग सेक्टर में 5, 6 एवं 7 फरवरी को आयोजित किया गया, जिसमें कुल 33 महिला उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्व से सिलाई-बुनाई एवं हस्तशिल्प क्षेत्र से जुड़ी महिला उद्यमियों की सक्रिय भागीदारी रही। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को हैंडीक्राफ्टिंग से संबंधित विभिन्न तकनीकों जैसे मैकरम वर्क, वूलन वर्क, रेक्सीन वर्क आदि को उन्नत तरीके से तैयार करने की व्यावहारिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों की मार्केटिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की गईं। डिजिटल मार्केटिंग, डिजिटल कैटालॉगिंग तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर अपने उत्पादों की ब्रांडिंग और बिक्री कैसे बढ़ाई जा सकती है, इस विषय पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान एनआईएमएसएमई के प्रतिनिधि एवं प्रशिक्षक द्वारा महिला उद्यमियों का उद्यम पंजीयन किया गया।

### नेशनल थाई बॉक्सिंग मेडलिस्ट खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

**कोरबा।** पुणे महाराष्ट्र में आयोजित कैडेट, जूनियर एवं सीनियर नेशनल थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जिले के ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी के बॉक्सरों ने किया शानदार प्रदर्शन किया। जिला थाई बॉक्सिंग संघ के सचिव एवं ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी के डायरेक्टर अजीत शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता 30 जनवरी से 1 फरवरी तक पुणे महाराष्ट्र सतारा महाबलेश्वर में आयोजित हुई। जिसमें 15 राज्यों की टीम ने इसमें भाग लिया।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## शपथ पत्र

मैं अजय कुमार साहू पिता श्री धनीराम साहू उम्र 45 वर्ष, निवासी वार्ड क्र.07 धनुहारपारा सिंधी मोहल्ला कोरबा (छ.ग.) का होकर शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि 1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर स्थायी रूप से निवास करता हूं। 2. यह कि मेरे सन 1999 में जारी 10वीं के अंकसूची में मेरी माता का नाम अंग्रेजी में DHANKUVAR SAHU दर्ज है जो कि सही है। 3. यह कि मेरे सन 2002 में जारी 12वीं की अंकसूची में मेरी माता का अंग्रेजी नाम DHANKUNWAR SAHU त्रुटिवश दर्ज हो गया है। 4. यह कि मैं मेरी माता का नाम 10वीं के अंकसूची में दर्ज अंग्रेजी नाम DHANKUVAR SAHU को ही अपने अन्य दस्तावेजों एवं पत्राचार में उपयोग कर रहा हूं और आगामी दस्तावेज पासपोर्ट एवं अन्य में उपयोग करना चाहता हूं। 5. यह कि उक्त शपथ पत्र उक्ताशय से निष्पादित किया गया है, जिसे संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना है।

**शपथकर्ता**
**अजय कुमार साहू**

## PUBLIC NOTICE

I hitherto known as NIRMALA wife of DAYAL SINGH residing at B/176/1, Kuchena, District Korba, Chhattisgarh - 495454, have changed my name and shall hereafter be known as Nirmal Kaur.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**NIRMALA**

प्रकरण क्रमांक-C.S.A/01/2026
प्रोसेस क्रमांक-324/26
पेशी तारीख 17/02/2026

## ईश्तहार/नोटिस

**न्यायालय श्रीमान प्रथम अपर जिला न्यायाधीश कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)**

रुपउ राम वगैरह ....................वादी/आवेदक
विरुद्ध
अनिल यादव वगैरह ...........प्रतिवादी/अनावेदक
बनाम
आम जनता

वादी रुपउराम वगैरह के द्वारा प्रतिवादी अनिल यादव वगैरह के विरुद्ध धारा आदेश 39 नियम 01,02 व्य.प्र. संहिता के तहत माननीय न्यायालय श्रीमान प्रथम अपर जिला न्यायाधीश कटघोरा में प्रस्तुत किया गया है और उक्त प्रकरण पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 17/02/2026 की तिथि है।

अतः प्रतिवादी आम जनता (प्रतिवादी क्र. 4) को उक्त आवेदन पत्र के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 17/02/26 को प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश करें अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी। नोट-यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है, या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा। यह आज तारीख 05-02-26 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

दिनांक 05-02-26

**(श्रीमती मधु तिवारी)**
**प्रथम जिला न्यायाधीश कटघोरा,**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### समर्पण दिवस पर गूंजा एकात्म मानववाद उपाध्याय की मनाई गई पुण्यतिथि

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि प्रत्येक वर्ष समर्पण दिवस के रूप में मनाई जाती है। इसी क्रम में इस वर्ष भी 11 फरवरी को जिला भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पूर्णतः सादगी एवं श्रद्धा के साथ श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, सह संभाग प्रभारी रायपुर डॉ. राजीव सिंह, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विपणन एवं विकास संघ भोजराम देवांगन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी एवं डॉ. राजीव सिंह ने संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर जोगेश लांबा, डॉ. राजेश राठौर, अजय विश्वकर्मा, अजय पांडेय, हितानंद अग्रवाल, योगेश जैन, रेणुका राठिया, लक्की नंदा, अजय कंवर, अर्जुन गुप्ता, शैलेन्द्र यादव, प्रीति स्वर्णकार, डॉ. विजय राठौर, राजेश लहरे, योगेश मिश्रा, प्रकाश अग्रवाल, नीरज ठाकुर, अजय चंद्रा, राकेश तलवार, लक्ष्मण श्रीवास उपस्थित रहे।

### लीनेस क्लब डिस्ट्रिक्ट का संयुक्त एरिया मीट सम्पन्न



**कोरबा।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब डिस्ट्रिक्ट सीजी-1 स्वर्णिम 2026 के अंतर्गत आने वाले एरिया–8 एवं एरिया–9 के क्लबों का संयुक्त एरिया मीट सोमवार, 10 फरवरी को लायंस हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लीनेस क्लब, दादर गोल्डन क्लब एवं हरीतिमा क्लब दर्री की सक्रिय सहभागिता रही। एरिया मीट के दौरान सभी क्लबों की अध्यक्षों ने आगामी सेवा एवं सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। वहीं क्लब सचिवों द्वारा वर्ष भर में संचालित सेवा गतिविधियों, प्रशासनिक बैठकों तथा आय व्यय का विस्तृत विवरण सदन के समक्ष रखा गया। बैठक में क्लबों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

### पूर्व मंत्री ने सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना



**कोरबा।** सेक्टर-5 बालको स्थित सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में श्रीराम लला सरकार के प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हनुमान मंदिर परिसर में श्रीराम कथा का आयोजन किया गया। धार्मिक वातावरण और श्रद्धा से सराबोर इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित हुए और सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात श्रीराम कथा का श्रवण कर धर्मलाभ लिया। कथा के दौरान आचार्य द्वारा श्रीराम और भरत मिलाप प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पूरे परिसर में भक्ति और आस्था का माहौल बना रहा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार अखण्ड नवधा रामायण, श्रीराम कथा, श्रीमद् भागवत कथा और शिव कथा जैसे धार्मिक आयोजन हो रहे हैं, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकता का संदेश देते हैं और भातृत्व भाव की भावना को जागृत करता है।

# प्रबंधन और नराईबोध के ग्रामीणों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

पीएनसी कंपनी में वैकल्पिक रोजगार की जायज मांगों और मठ की मुआवजा राशि के भुगतान को लेकर आंदोलित नराईबोध के ग्रामीणों और एसईसीएल प्रबंधन के बीच चली लंबी खींचतान आखिरकार सकारात्मक मोड़ पर समाप्त हुई प्रबंधन द्वारा लिखित में ठोस आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने पूर्व घोषित आंदोलन को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया है।

एसईसीएल गेवरा खदान से प्रभावित ग्राम नईबोध के भूविस्थापित व प्रबंधक के बीच आयोजित त्रिपक्षीय बैठक में एसईसीएल प्रबंधन पीएनसी कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी और नराईबोध ग्राम के प्रतिनिधि शामिल हुए इस वार्ता में ग्रामीणों की समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। इस दौरान चली लंबी चर्चा के बाद बैठक में यह तय किया गया कि पीएनसी संस्था एक सप्ताह के भीतर प्रबंधन की अनुशंसा पर तीन स्थानीय लोगों के प्रकरणों पर प्राथमिकता से वैकल्पिक रोजगार को सुनिश्चित किया गया। भविष्य में रोजगार के नए अवसर पैदा होने पर ग्रामवासियों को उनकी योग्यता और उपलब्धता के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक के उपरांत अधिकारियों ने हस्ताक्षरित लिखित सहमति पत्र ग्रामीणों को सौंपा जिसके बाद आंदोलन स्थगित करने की घोषणा की गई। हालांकि वर्तमान में आंदोलन स्थगित कर दिया गया है, लेकिन नराईबोध के ग्रामीणों ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार उन्होंने प्रबंधन के लिखित आश्वासन पर भरोसा जताते हुए आंदोलन टाला है, यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर मांगों को पूरा नहीं किया गया। साथ ही इस आश्वासन की अनदेखी की गई तो आगामी समय में एसईसीएल गेवरा खदान का संचालन पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। इस त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान ग्राम प्रतिनिधि गोमती केवट एवं अन्य प्रमुख ग्रामीण उपस्थित रहे जिन्होंने क्षेत्र के हक की आवाज को मजबूती से रखा।

### आश्वासन के बाद प्रस्तावित खदान बंदी आंदोलन हुआ स्थगित

**खास बातें**

- ग्रामीणों ने पूर्व घोषित आंदोलन को फिलहाल स्थगित करने का लिया निर्णय




छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के प्रतिनिधियों ने प्रबंधक निदेशकों के साथ की बैठक

# पुरानी पेंशन प्रक्रिया का ड्राफ्ट तैयार स्वीकृति के बाद होगा जल्द लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के पदाधिकारियों की विद्युत कंपनी के तीनों प्रबंधक निदेशक के साथ आयोजित बैठक

**खास बात**

- संविदा कर्मियों की राष्ट्रीय अवकाश में ड्यूटी पर अतिरिक्त वेतन का आदेश जारी

में निर्णय लिया गया है कि पुरानी पेंशन बहाली हेतु प्रक्रिया अंतिम चरण में है, ड्राफ्ट तैयार कर कंपनी के द्वारा उच्च प्रबंधन को भेजा जा चुका है, जिसे स्वीकृति उपरांत जल्द लागू किया जाएगा। साथ ही इसे लेकर महासंघ की चेयरमैन के साथ बैठक भी आयोजित की जाएगी।

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ की विद्युत कंपनी के तीनों प्रबंध निदेशक के साथ आयोजित बैठक में चर्चा के बाद सहमति बनी है कि संविदा कर्मियों की राष्ट्रीय अवकाश में ड्यूटी पर अतिरिक्त वेतन पर आदेश शीघ्र जारी किया जाएगा। साथ ही आंदोलन एवं स्वास्थ्यगत पर लंबी छुट्टी पर एवं एलडब्ल्यूपी के प्रकरण पर केस टू केस पर निराकृत किया जाएगा। साथ ही वार्षिक वेतन वृद्धि एवं अन्य लाभ के लिए कमेटी गठन किए जाने पर सहमति बनी। पीएम सूर्यघर ऊर्जा के तहत अपने आवासीय परिसर में सोलर रूफ टॉप नहीं किए जाने पर बंद किया 50 प्रतिशत छूट को चालू करते हुए महासंघ के द्वारा तृतीय और चतुर्थ कर्मचारियों को सेकंड स्टेज में रखने की बात रखी गई। इस पर प्रबंधन की ओर से परीक्षण कराने एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों 50 प्रतिशत छूट एवं सेकंड स्टेज में रखने के लिए सहमति व्यक्त की गई। विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण शेष बचे हुए आईटीआई कर्मचारियों को नव सृजित वितरण केंद्रों और उपसंभाग में रिक्तियों की जानकारी लेकर शीघ्र पदोन्नति के लिए सहमति बनी। साथ ही टीए टीडी के पूर्व में जारी कार्यादेश में संशोधन आदेश के लिए एच आर को निर्देशित किया गया। सभी पदों की लिए कैरियर प्लानिंग एवं रिस्ट्रक्चरिंग हेतु शीघ्र ही कमेटी गठन कर कार्यवाही की जाएगी। बाह्य स्रोत के कर्मचारियो का प्रत्येक माह का 7 तारीख के भीतर वेतन प्रदान सुनिश्चित करने के लिए कमेटी का गठन किया जाएगा। नई भर्ती के लिए प्रक्रिया अंतिम चरण में है, विज्ञापन शीघ्र जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही विभागीय भर्ती के लिए भी जल्द विज्ञापन निकाला जाएगा। महासंघ के द्वारा आठवें वेतन आयोग के लिए वेज रिविजन के लिए कमेटी गठन हेतु मांग रखी गई, जिस पर प्रबंधन के द्वारा एच आर को कमेटी गठन के लिए निर्देशित किया गया। सभी पदों पर अतिशीघ्र पदोन्नति आदेश जारी किए जाने पूर्णरूप से आश्वस्त किया गया। जनरेशन के मांगों के संबंध में भूस्थापित कर्मचारियों का 10 हजार से 5 हजार की डिप्रेशन करने की कार्यवाही के लिए एच आर को निर्देशित किया गया। उसी प्रकार वेज रिवीजन के एरियर्स के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु एच आर को निर्देशित किया गया।

कंपनी के लिपिकीय वर्ग को राज्य शासन की तरह कंप्यूटर भत्ता के संबंध में परीक्षण कराकर आवश्यक कार्यवाही किए जाने सहमति व्यक्त की गई। बैठक के दौरान कंपनी प्रबंधन की ओर से प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन आरके शुक्ला, प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन) भीम सिंह कंवर, प्रबंध निदेशक (जेनरेशन) एसके कटियार सहित तीनों कंपनी के महाप्रबंधक, उपमहाप्रबंधक, उपमहाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे तथा महासंघ की ओर से विद्युत मजदूर महासंघ के उपमहामंत्री हरीश चौहान, महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष संजय तिवारी, प्रांतीय महामंत्री नवरतन बरेठ, कार्यकारी अध्यक्ष तेज प्रताप सिन्हा, प्रांतीय उपाध्यक्ष मनीष कुमार क्षत्रिय, कार्यालय मंत्री चेतनानंद दुबे, कोषाध्यक्ष कोमल देवांगन, प्रांतीय संगठन मंत्री पीयूष सिन्हा, क्षेत्रीय अध्यक्ष परमेश्वर कन्नौजे शामिल हुए।



बैठक में उपस्थित संघ के पदाधिकारी एवं अधिकारी।

# कोरबा-अमृतसर एक्सप्रेस सहित 26 ट्रेनें 4 अप्रैल से रहेंगी रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ में रेलवे के विभिन्न निर्माण कार्यों के चलते 26 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। नागपुर मंडल के गोंदिया स्टेशन के प्लेटफॉर्म-3 पर वॉशेबल एप्रन को हटाकर बैलेस्टेड ट्रैक बनाने का काम किया जाएगा। इसके लिए करीब 20 दिन का ब्लॉक लिया गया है। इसी कारण 4 से 26 अप्रैल के बीच 14 ट्रेनें रद्द रहेंगी। रेलवे साथ ही रायपुर मंडल के हथबंद-भाटापारा सेक्शन में रोड अंडर ब्रिज के लिए गर्डर लॉन्चिंग का कार्य किया जाएगा। इसके चलते 14 और 15 फरवरी को ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा, जिससे 12 यात्री ट्रेनें प्रभावित होंगी। भिलाई स्टेशन पर भी डिस्मेंटलिंग कार्य के कारण कुछ ट्रेनें रद्द रहेंगी। रद्द होने वाली ट्रेनों में कोरबा-अमृतसर एक्सप्रेस, शालीमार-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस, रायगढ़-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस, विशाखापट्टनम- हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस सहित कई प्रमुख ट्रेनें शामिल हैं। इसके अलावा कई मेमू और पैसेंजर ट्रेनें 5 से 25 अप्रैल तक बंद रहेंगी। कुछ ट्रेनें अपने गंतव्य तक नहीं जाएंगी और बीच रास्ते में ही समाप्त कर दी जाएंगी।

# राधेश्याम बीएमएस के पुनः बने अखिल भारतीय मंत्री एवं विद्युत प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ का 21वां त्रैवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन ओडिशा के जगन्नाथ पुरी में संपन्न हुआ। अधिवेशन में देशभर से आए प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने श्रमिक हितों से जुड़े राष्ट्रीय मुद्दों पर मंथन किया। अधिवेशन में आगामी तीन वर्ष 2026-2029 के लिए नवीन अखिल भारतीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में अखिल भारतीय अध्यक्ष के रूप में एस मलेशम (तेलंगाना), महामंत्री सुरेन्द्र कुमार पांडेय, मंत्री राधेश्याम जायसवाल (छत्तीसगढ़) को दायित्व दिया गया है।

इसके अलावा छत्तीसगढ़ प्रदेश से लक्ष्मण चंद्रा को पुनः राष्ट्रीय पर्यावरण मंच प्रभारी बनाया गया के। भिलाई से दिनेश कुमार पाण्डेय तथा बिलासपुर के गिरजाशंकर आचार्य को राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। अधिवेशन में राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों की भूमिका, बदलते औद्योगिक परिदृश्य, श्रम नीतियां, सामाजिक सुरक्षा तथा विभिन्न क्षेत्रीय समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। विशेष रूप से विद्युत क्षेत्र से संबंधित ज्वलंत मुद्दों पर विचार-विमर्श उपरांत 5 प्रमुख प्रस्ताव पारित किए गए। जिनमें श्रम कानूनों को बिना किसी अपवाद के सभी श्रमिकों पर सार्वभौमिक रूप से लागू किया जाए। तथा अंत्योदय की संकल्पना को साकार किया जाए। ठेका श्रमिकों के शोषण को समाप्त करने हेतु कानून में आवश्यक संशोधन किए जाएं। आंगनबाड़ी कर्मियों को कर्मचारी घोषित कर उन्हें वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा का लाभ प्रदान किया जाए। त्रिपक्षीय तंत्र को पुनर्जीवित कर उसे प्रभावी, व्यावहारिक एवं नियमित बनाया जाए। जनरल भर्ती पर लगी रोक तत्काल हटाई जाए।



राधेश्याम।

# शिकारियों ने जंगल में लगाया था फंदा, तेंदूआ की बन आयी थी जान पर, वन अमले ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कटघोरा वनमंडल के पाली परिक्षेत्र के लाफा बीट में सोमवार को एक तेंदुए का रेस्क्यू अभियान किया गया। शाम 8 बजे पाली परिक्षेत्र अधिकारी ने वनमंडलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत को सूचित किया कि लाफा बीट के कक्ष क्रमांक पी-134 में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा शिकार हेतु लगाए गए फंदे में एक तेंदुआ फंस गया है। वनमंडलाधिकारी द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल एसडीओ पाली की अध्यक्षता में टीम गठित की गई, जिसमें परिक्षेत्र अधिकारी एवं डिप्टी रेंजर पाली शामिल थे। टीम ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया एवं रेस्क्यू हेतु तेन्दुआ को ट्रैंकुलाइज करने की आवश्यकता की सूचना दी।

वनमंडलाधिकारी ने प्रधान मुख्य वनसंरक्षक सह मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक अटल नगर रायपुर, मुख्य वनसंरक्षक और क्षेत्रीय संचालक अचानकमार टाईगर रिजर्व बिलासपुर एवं मुख्य वनसंरक्षक बिलासपुर को दूरभाष द्वारा विस्तृत सूचना दी। प्रधान मुख्य वनसंरक्षक सह मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक रायपुर से ट्रैंकुलाइजेशन की अनुमति प्राप्त होते ही वनमंडलाधिकारी कटघोरा, डॉ. चंदन कानन पंडारी एवं अतिरिक्त रेस्क्यू टीम के साथ रात्रि लगभग 10 बजे घटना स्थल चैतुरगढ़ मार्ग पहुंचे। जहां फंदे में तेंदूआ फंसा मिला मौके पर डॉ. चंदन द्वारा फंदे में फंसे तेन्दुआ को ट्रैंकुलाइजेशन कर सुरक्षित फंदे से बाहर निकाला गया एवं मौके पर ही प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। फंदे में फंसने की वजह से तेन्दुआ के पेट एवं पिछला में चोट लगा था। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर कानन पेंडारी भेज दिया गया है। जांच के दौरान अचानकमार टाईगर स्क्वाड की टीम घटनास्थल से शिकारी के घर नगोईभाठा का पता लगाया। शिकारी के घर पर शिकार में प्रयुक्त तार के टुकड़े पाये गये, इसके अतिरिक्त शिकार में उपयोग किये जाने वाले अन्य फंदे, तार एवं हथियार प्राप्त हुआ, उपरोक्त सबूत के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी विजय कुमार गोड़ पिता श्याम सिंह गोड़, उम्र 37 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया है।

# शराबी पुत्र ने सरिया से मां पर किया हमला, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत तुलसीनगर निवासी कमला महतो पति स्व लालमोहन महतो उम्र 60 वर्ष ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी कि इसका छोटा पुत्र आनंद महतो शराब पीने का आदि है घर खर्चा के लिये पैसा नहीं देता है कि 10 फरवरी के 11 बजे नशा करके आया था और कमला महतो को अश्लील गाली गलौच करते हुए घर से निकल जा कहकर लोहे के सरिया से मारा जिससे कमला जमीन पर गिर गई। कमला के जमीन पर गिरने के बाद आनंद ने ताबड़तोड़ हमला करने लगा जिससे कमला के सिर में गंभीर चोट लगी है। कमला की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी पुत्र आनंद महतो के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### सूने मकान से सोने चांदी के जेवरात सहित हजारों का माल पार

**कोरबा।** दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत एनटीपीसी टाउनशीप निवासी रंजन कुमार श्रीवास्तव 49 वर्ष पिता स्व भुवनेश्वरलाल ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9 से 10 फरवरी तक अपने घर से बाहर गये हुए थे। सुबह 10 फरवरी को रंजन कुमार के घर काम करने वाला विक्रम महंत फोन कर बताया कि बीती रात आपके घर चोरी हो गई है। जिसके बाद रंजन कुमार दोपहर लगभग 1:15 बजे घर पहुंचा तो देखा कि घर का सामान बिखरा हुआ था। घर से 3 नग सोने की बालियां, 4 नग सोने की अंगूठी, सोने का चैन, डायमंड लाकेट, 50 ग्राम का चांदी का सिक्का, चांदी का बर्तन, पायल, प्लेट, कटोरी, गिलास, चम्मच, ट्रे कीमती लगभग 35 हजार रुपए को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया है। मामले में दर्री पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780




वर्तमान में स्थानीय निवासियों ने अपने स्तर पर समितियों का किया है गठन

# हाउसिंग बोर्ड कालोनी में वेलफेयर सोसायटी गठित करने की प्रक्रिया होगी शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदेश सरकार हाउसिंग बोर्ड कालोनियों में वेल्फेयर सोसायटियों के गठन करने की प्रक्रिया शुरु करने जा रही है। इसके तहत जिले के शहरी व उपनगरीय क्षेत्रों में बनाई गई बोर्ड की कालोनियों में निवास करने वाले निवासियों की बैठक लेकर सोसायटी गठित करने की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए नियम व शर्तें की जानकारी दी जाएगी।

जिले में हाउसिंग बोर्ड की सबसे ज्यादा कालोनी नगर निगम कोरबा के सीमा अंतर्गत बनी हुई है। जहां सभी मकान आबंटित हो चुके हैं। निगम क्षेत्र के अलावा ग्राम पंचायत सेमीपाली, ग्राम पंचायत उरगा, ग्राम पंचायत जेंजरा, नगर पालिका परिषद कटघोरा आदि निकायों में कालोनियां बनाई गई हैं। इनमें से किसी भी कालोनी को पूरी तरह से नगरीय निकायों को हैंडओवर नहीं किया गया है। तकनीकी कारणों की वजह से प्रक्रिया रुकी होने के कारण हाउसिंग बोर्ड कालोनियों में होने वाले वेल्फेयर के कार्य ही बोर्ड स्वयं नहीं करा पा रहा है। जिसका खामियाजा कालोनी के लोग भुगत रहे हैं। इन्हीं समस्याओं के मद्देनजर कालोनियों में वेल्फेयर सोसायटी के गठन की तैयारी की जा रही है। जिससे कालोनियों के अंदर होने वाले वेल्फेयर के कार्य कराए जा सके एवं सोसायटी गठन के संबंध में किन किन शर्तें और क्या प्रावधान और संविधान के संबंध में अभी कोई पत्र हाउसिंग बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय को नहीं मिला है किंतु वेल्फेयर सोसायटी के गठन के संबंध में जानकारी जरुर दे दी गई है।

### झगरहा कालोनी के लोगों ने बनाई पंजीकृत समिति

हाउसिंग बोर्ड की ग्राम झगरहा में तैयार की गई है। उसमें निवासरत लोगों के द्वारा अपने स्तर पर समिति का गठन किया गया है और इसके पंजीयन की प्रक्रिया फर्म सोसायटी से पूरी कर ली गई है। यह समिति सोसायटी के लोगों ने स्वयं तैयार की है। बोर्ड के द्वारा तैयार की जाने वाली वेल्फेयर सोसायटी से इस समिति का फिलहाल कोई लेना देना नहीं है। कालोनी के लोगों ने कालोनी के विकास और सुरक्षा को लेकर समिति गठन करने की स्वयं पहल की है।

### कालोनी में समस्याओं का अंबार

हाउसिंग बोर्ड की सभी कालोनियों का निर्माण करने के पूर्व जिस तरह से आम लोगों को सपना दिखाया गया था आज वह पूरी तरह टूट चुका है। कालोनी में व्याप्त समस्याओं और उनके निराकरण के लिए संघर्षरत कालोनीवासी कई बार हाउसिंग बोर्ड कार्यालय से लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय तक दौड़ लगा चुके हैं किंतु उनकी समस्याएं जस की तस बनी हुई है। स्वच्छ पेयजल व साफ सफाई की दुहाई देने वाला जिला प्रशासन भी कालोनीवासियों की पानी की समस्या और सफाई की व्यवस्था में सुधार नहीं करा सका है।